## संपादकीय

# भारत में हैं असीम संभावनाएं

*प्रभात सिन्हा-*

अमेरिकी प्रशासन ने चीन के साथ उच्च गुणवत्ता वाले सेमीकंडक्टरचिप्स के आयात, निर्यात, वितरण सहित बौद्धिक संपदा के आदान-प्रदान पर भी प्रतिबंध लगा दिया है। इस कदम को अभी हाल के दिनों में अमेरिका और चीन के बीच बढ़ते तनातनी का अमेरिकी प्रतिक्रिया समझा जा सकता है। वैसे तो, चीन अभी चिप का बड़ा उत्पादक नहीं बन पाया है, लेकिन दुनिया भर में निर्मित 35-40 प्रतिशत चिप को चीन ले जाकर ही असेम्बल किया जाता है। जाहिर है प्रतिबंध का उद्देश्य 5जी, रक्षा, आर्टिफिसियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स इत्यादि क्षेत्रों में चीन के प्रभाव को कम करना है। प्रतिबंध के कारण जहां चीन बढ़िया गुणवत्ता वाले सेमीकंडक्टर के निर्माण से वंचित रहेगा वहीं हमारे देश भारत सहित कई देशों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। विशेषज्ञ वर्तमान समय के सेमीकंडक्टरचिप की तुलना 1970 के दशक के परमाणु तकनीक से कर रहे हैं। हालाकि तब भारत के परमाणु क्षेत्र में बढ़ते प्रयासों पर लगे अमेरिकी प्रतिबंधों में चीन भागीदार बना था, लेकिन बदलते भू-राजनीतिक परिस्थितियों में आज प्रतिबंध चीन पर लगा है और भारत प्रमुख देशों के संगठन जी-20 का अध्यक्ष बनकर नियम तय करने वाली भूमिका में आ चुका है। सेमीकंडक्टर चिप्स आधुनिक सूचना प्रौद्योगिकी युग के संवाहक है और एयरोस्पेस, ऑटोमोबाइल, संचार, स्वच्छ ऊर्जा, सूचना प्रौद्योगिकी एवम चिकित्सा उपकरणों सहित अर्थव्यवस्था के लगभग सभी क्षेत्रों के लिए आवश्यक बन चुके हैं। व्यक्तिगत, आर्थिक और व्यावसायिक गतिविधियों के बड़े हिस्से को डिजिटल रूप से सक्षम बनाने के क्रम में चिप-संचालित कंप्यूटर और स्मार्टफोन की उपयोगिता बढ़ती जा रही है। सेमीकंडक्टर सिलिकॉन या जर्मेनियम जैसे शुद्ध तत्वों अथवा गैलियम, आर्सेनाइड या कैडमियमसेलेनाइड जैसे यौगिक से बने होते हैं और सभी आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक्स, सूचना और संचार प्रौद्योगिकी उत्पादों के संचालक के रूप में उपयोग में लाये जाते हैं। वर्तमान में चिप की मांग आपूर्ति से कई गुना ज्यादा बढ़ गई है, और चिप की वैश्विक स्तर पर काफी कमी हो गई है, जिसके कारण कई देशों की सरकारों ने सेमीकंडक्टर क्षेत्र में अरबों डॉलर के प्रोत्साहन, निवेश इत्यादि की घोषणा की है। जुलाई के अंत में अमेरिकी सीनेट ने 52 अरब डॉलर की उद्योग सब्सिडी के लिए एक विधेयक पारित किया। रॉयटर्स के खबर के मुताबिक, फ्रांस में, 5.7 अरब डॉलर के चिप व्यवसाय को पर्याप्त सरकारी समर्थन प्राप्त होने की उम्मीद है। प्रसिद्ध चिप निर्माता कंपनी इंटेल की अगले दशक में पूरे यूरोप में 80 अरब यूरो से अधिक निवेश की योजना है। भारत सरकार ने भी चिप के घरेलु निर्माण को प्रोत्साहित करने के लिए 10 अरब डॉलर के प्रोत्साहन की घोषणा की है। भारत सरकार ने, इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन की स्थापना की है, जो डिजिटल इंडिया के अंतर्गत एक स्वतंत्र प्रभाग है और जिसका उद्देश्य इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में भारत को एक वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करना है। भारत में सेमीकंडक्टर का वर्तमान बाजार 24 अरब डॉलर का है, जो विशेषज्ञों के अनुसार वर्ष 2026 तक 80 अरब डॉलर के पार पहुंच जाएगा। वर्तमान में सेमीकंडक्टर की आवश्यक आपूर्ति शत-प्रतिशत आयात से हो रही है। गौरतलब है कि सेमीकंडक्टर क्षेत्र में कई चुनौतियां भी हैं। जैसे यह एक बहुत ही जटिल और गूढ़ प्रौद्योगिकी क्षेत्र है, जिसमें अत्यधिक पूंजी निवेश, उच्च जोखिम, निवेश वापसी की लंबी अवधि और प्रौद्योगिकी में तेज बदलाव शामिल हैं। चिप निर्माण इकाइयों को कई अन्य संसाधनों जैसे लाखों लीटर स्वच्छ पानी, अत्यंत स्थिर बिजली आपूर्ति, बड़ा भूभाग और अत्यधिक कुशल कार्यबल की आवश्यकता नियमित तौर पर होती है। इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने वर्ष 2021 में डिज़ाइन लिंक्डइंसेंटिव योजना की शुरु आत की, जिसके अंतर्गत सेमीकंडक्टर डिजाइन में शामिल देश की न्यूनतम 20 घरेलू कंपनियों का पोषण कर अगले 5 वर्षों में 1500 करोड़ रु पये से अधिक का कारोबार हासिल करने की सुविधा प्रदान की जाएगी। सेमीकंडक्टर की घरेलू आवश्यकता के साथ वैश्विक मांग में भी तेज वृद्धि हो रही है, जिसे भारत पूरा कर सकता है। इसके लिए वर्तमान क्षमता को बढ़ाकर एक बेहतर पारिस्थितिकी तंत्र बनाना होगा।

# बुनियादी उद्योग और वाहन बिक्री आंकड़े तय करेंगे बाजार की दिशा




**मुंबई।** अमेरिकी फेडरल रिजर्व के अगले महीने से ब्याज दर बढ़ाने की गति धीमी रखने के संकेत से वैश्विक बाजार में रही तेजी की बदौलत बीते सप्ताह एक प्रतिशत से अधिक मजबूत रहे घरेलू शेयर बाजार की अगले सप्ताह दिशा निर्धारित करने में वैश्विक रुख, बुनियादी उद्योग और वाहन बिक्री आंकड़ों की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी।

बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 630.16 अंक की तूफानी तेजी के साथ सप्ताहांत पर सार्वकालिक नये शिखर 62 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 62293.64 अंक पर रहा। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 205.1 अंक की छलांग लगाकर 18500 अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 18512.75 अंक पर टिकने में सफल रहा।

समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की दिग्गज कंपनियों तरह मझौली और छोटी कंपनियों के प्रति भी निवेशकों की निवेश धारण मजबूत रही। इसकी बदौलत मिडकैप 460.71 अंक उछलकर सप्ताहांत पर 25595.63 अंक और स्मॉलकैप 451.58 अंक मजबूत होकर 29201.69 अंक पर पहुंच गया।

विश्लेषकों के अनुसार, अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व की मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक के जारी मिनट्स में कहा गया है कि अमेरिका में अगले महीने से ब्याज दर में बढ़ोतरी किये जाने की गति धीमी रह सकती है। अगले सप्ताह भी इसका असर बाजार पर देखा जा सकेगा। साथ ही अगले सप्ताह बाजार पर विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के रुख का भी असर रहेगा।

एफआईआई ने नवंबर में अबतक कुल 167,798.24 करोड़ रुपये की लिवाली जबकि कुल 156,439.76 करोड़ रुपये की बिकवाली की है, जिससे उनका शुद्ध निवेश 11,358.48 करोड़ रुपये रहा। वहीं, इस अवधि में घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) की निवेश धारणा कमजोर रही है। उन्होंने बाजार में कुल 108,531.06 करोड़ रुपये का निवेश किया जबकि 110,119.49 करोड़ रुपये निकाल लिए, जिससे वह 1,588.43 करोड़ रुपये के बिकवाल रहे।

इसके साथ ही घरेलू मोर्चे पर अगले सप्ताह आठ बुनियादी उद्योग के अक्टूबर में प्रदर्शन का आंकड़ा और नवंबर में वाहन बिक्री के जारी होने वाले आंकड़ों की बाजार को दिशा देने में महत्वपूर्ण भमिका रहेगी।

# फेसबुक- इस्टाग्राम को टक्कर देगा जीओ, यूजर्स को मिलेगा शॉर्ट वीडियो ऐप




**मुंबई ।** शॉर्ट वीडियो ऐप की दुनिया में फेसबुक और इस्टाग्राम को तगड़ी टक्कर मिलने वाली है। मेटा के रील फीचर से मुकाबला करने के लिए जीओ एक नई ऐप पेश करने की प्लानिंग कर रहा है। भारतीय टेलीकॉम कंपनी एक इंडियन बेस्ड शॉर्ट वीडियो ऐप प्लेटफॉम लॉन्च करने जा रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक अपकमिंग ऐप फेसबुक और इंस्टाग्राम रील के जैसा ही काम करेगी।

अब सोशल मीडिया यूजर्स को एक नया ऑप्शन मिलेगा, जहां उन्हें ऑर्गेनिक ग्रोथ मिलेगी और बढ़िया कमाई का भी मौका मिलेगा।

रिलायंस जियो एक दूसरी कंपनी के साथ मिलकर शॉर्ट वीडियो ऐप बनाएगा। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक क्रिएटिवलैंड एशिया और जियो प्लेटफॉर्म्स ने प्लेटफॉम ऐप बनाने के लिए पार्टनरशिप की है। इस ऐप को एंटरटेनर्स के लिए पेश किया जाएगा। अपकमिंग ऐप का उद्देश्य स्टार एंटरटेनर्स को ऑर्गेनिक ग्रोथ और बेहतर मोनेटाइजेशन सिस्टम प्रदान करना है, ताकि यूजर्स को अच्छी कमाई करने का मौका मिले।

## पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बदलाव नहीं

**नई दिल्ली ।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में आई गिरावट के बावजूद देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में भी कोई बदलाव नहीं हुआ।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में लंदन ब्रेंट क्रूड आज 83.63 डॉलर प्रति बैरल पर और अमेरिकी क्रूड 1.78 प्रतिशत गिरकर 76.55 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।

घरेलू स्तर पर तेल विपणन कंपनी भारत पेट्रोलियम के अनुसार, पेट्रोल और डीजल की कीमतों में आज भी टिकाव रहा। दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर है।

देश में पांच महीने से अधिक समय से ईंधन की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। मुंबई में पेट्रोल के दाम 106.31 रुपये प्रति लीटर और और डीजल की कीमत 94.27 रुपये प्रति लीटर है।

पेट्रोल और डीजल की कीमतें मूल्य वर्धित कर (वैट) और माल ढुलाई शुल्क के आधार पर सभी राज्यों में अलग-अलग हैं। पेट्रोल-डीजल के मूल्यों की प्रतिदिन समीक्षा की जाती है।

## अंतरिक्ष उद्योग में पैर जमाने की संकल्प-शक्ति का प्रमाण दे रहा है निजी क्षेत्र : स्पेस एसोसिएशन




**नई दिल्ली ।** अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी क्षेत्र की कंपनियों के संगठन इंडियन स्पेस एसोसिएशन (आईस्पा) ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ( इसरो ) के रॉकेट से भारतीय स्टार्टअप इकाइयों द्वारा विकसित उपग्रहों के प्रक्षेपण पर प्रसन्नता व्यक्त की और इसे अंतरिक्ष उद्योग में अपनी भूमिका स्थापित करने की निजी इकाइयों की दृढ इच्छा शक्ति का प्रमाण बताया है।

संगठन के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल एके भट्ट ने एक बयान में कहा, ' इसरो के प्रक्षेपण यान पीएसएलवी-सी54/ईओएस-06 पर 'पिक्सेल- और 'ध्रुव' अंतरिक्ष उपग्रहों के प्रक्षेपण मिशन ने आज फिर से भारतीय अंतरिक्ष स्टार्टअप की क्षमता और क्षमता का प्रदर्शन किया । आज का प्रक्षपण भारतीय निजी अंतरिक्ष उद्योग द्वारा नई चुनौतियों का सामना करने और इसके लिए जोर देने के लिए भारतीय अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था का विकास करने में योगदान करने के उसके दृढ़ संकल्प का प्रमाण है।'

इससे पहले 18 नवंबर को इसरो के श्री हरिकोटा प्रक्षेपण केंद्र से हैदराबाद की कंपनी स्काईरूट एयरोस्पेस प्रा लि का रॉके विक्रम-एस प्रक्षेपित किया गया था।

बयान में कहा गया है कि भारत का उपग्रह सेवाओं और अनुप्रयोग बाजार पर विशेष रूप से निम्न विलम्बता वाले उच्च फ्रिक्वेंसी बैंडविड्थ की बढ़ी हुई मांग के समाधानों पर ध्यान केंद्रित कर रहा है ताकि आबादी के लिए संचार सेवाएं, इंटरनेट आफ दी थिंग्स (आईटीओ), और रिमोट सेंसिंग सेवाओं के विस्तार की आवश्यकता को पूरा किया जा सके।

आईस्पा की एक रिपोर्ट के अनुसार, अतरिक्ष बाजार में उपग्रह सेवाएं और एप्लिकेशन का हिस्सा सबसे बड़ा हिस्सा रहने की उम्मीद है। इसका हिस्सा 36 प्रतिशत तक रह सकता है।

## पीटी उषा ने आईओए अध्यक्ष पद के लिए किया नामांकन दाखिल



**नई दिल्ली।** दिग्गज भारतीय धाविका पी.टी उषा शनिवार को भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के अध्यक्ष पद की दौड़ में शामिल हो गईं। 58 वर्षीय धाविका ने सोशल मीडिया पर सभी को सूचित किया कि उन्होंने अगले महीने होने वाले आईओए चुनावों में शीर्ष पद के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल कर दिया है। उषा ने एक ट्वीट में कहा, अपने साथी एथलीटों और राष्ट्रीय महासंघों के समर्थन से मैं आईओए के अध्यक्ष के नामांकन को स्वीकार करने और फाइल करने के लिए सम्मानित महसूस कर रही हूं। ऊषा भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की नई कार्यकारी समिति के लिए 10 दिसंबर को होने वाले चुनावों के दौरान मतदान करने के लिए नव-निर्वाचित एथलीट आयोग द्वारा चुने गए उत्कृष्ट योग्यता (एसओएम) के आठ खिलाड़ियों में से एक हैं।

अन्य सात एसओएम योगेश्वर दत्त (कुश्ती) एम.एम. सोमाया (हॉकी), रोहित राजपाल (टेनिस), अखिल कुमार (बॉक्सिंग), सुमा शिरूर (शूटिंग), अपर्णा पोपट (बैडमिंटन) और डोला बनर्जी (तीरंदाजी) हैं। आईओए के नए संविधान के तहत आठ एसओएम, जो मताधिकार के साथ महासभा का हिस्सा होंगे, में चार पुरुष और चार महिला सदस्य हैं।

## ऑनलाइन गेमिंग खेलना हो सकता है महंगा, जीएसटी काउंसिल की बैठक में होगा अहम फैसला




**नई दिल्ली ।** 17 दिसंबर को जीएसटी काऊंसिल की 48वीं बैठक होनी है। इस बैठक में कई फैसलों पर मुहर लग सकती है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में होने वाली यह बैठक वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से होगी। बैठक में कैसीनो, ऑनलाइन गेमिंग और घुड़दौड़ पर जीएसटी लगाने और जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण की स्थापना पर राज्य के वित्त मंत्रियों के समूह की रिपोर्ट पर चर्चा होगी।

इसके अतिरिक्त जीएसटी कानून के कुछ प्रावधानों को अपराध की श्रेणी से बाहर करने को लेकर अधिकारियों की समिति की एक रिपोर्ट पर भी विचार-विमर्श होने की संभावना है। बता दें कि केंद्र सरकार ने बकाया जीएसटी क्षतिपूर्ति के रूप में राज्यों को 17,000 करोड़ रुपये जारी किए हैं। इसके साथ ही चालू वित्त वर्ष में अब तक कुल 1.15 लाख करोड़ रुपये जारी किए जा चुके हैं। देश में एक जुलाई 2017 से वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) लागू किया गया था। उल्लेखनीय है कि ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने केंद्र से अनुरोध किया कि केंदू पत्ते के कारोबार पर लगाया गया त्रस्ज्ञ 8 लाख गरीब लोगों की आजीविका को ध्यान में रखते हुए वापस लिया जाए। केंदू पत्ता तोडऩे वालों के लिए विशेष पैकेज की घोषणा करने के तीन दिन बाद पटनायक ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को पत्र लिखकर यह अनुरोध किया है।

## आज का राशिफल

***मेष :*** आज आपको व्यवसाय में लाभ होने के संयोग हैं। अगर आप अपनी घरेलू जिम्मेदारियों को अनदेखा करेंगे तो कुछ ऐसे लोग नाराज हो सकते हैं जो आपके साथ रहते हैं। आपके लिए आज का दिन आर्थिक दृष्टि से बहुत शुभ है।

***वृष :*** आज आपका मिला जुला समय रहेगा। आर्थिक तौर पर सुधार के चलते आप आसानी से काफी वक़्त से लंबित बिल और उधार चुका सकेंगे।आपको आज अपनी वाणी पर संयम रखें। जरूरत से ज्यादा वक़्त व पैसा मनोरंजन पर खर्च न करें।

***मिथुन :*** मन पसन्न मुद्रा मे रहेगा ।परिवार में आवश्यक विषयों पर चर्चा होगी। माता का आरोग्य अच्छा रहेगा। धन संपत्ति-मान सम्मान के अधिकारी बनेंगे। जल्दबाजी में निवेश न करें। आज आपका सबसे बड़ा सपना हकीकत में बदल सकता है।

***कर्क :*** व्यवसाय में बाधा उपस्थित होने की संभावना है। मानसिक दबाव के बावजूद आपकी सेहत अच्छी रहेगी। कार्यक्षेत्र के नज़रिए से आज का दिन आपका है। इसका भरपूर फायदा उठाएँ।

***सिंह :*** आज आप शारीरिक एवं मानसिक रूप से भरपूर प्रतिकूलता का अनुभव करेंगे। मन में उत्साह का संचार होगा, जिस वजह से दिनभर का समय आनंदपूर्वक बीतेगा। आज उच्च पदाधिकारी खुश होंगे। बाहर जाना हो सकता है।

***कन्या :*** आज का दिन आपके लिए बहुत अच्छा रहेगा। लेन-देन में सावधानी बरतें। कानूनी मसले हल होंगे। किसी चिंता से मुक्ति मिलेगी। पत्नी एवं पुत्र की तरफ से लाभदायी समाचार मिलेंगे। मित्रों से हुई मुलाकात से आनंद मिलेगा।

***तुला :*** आज स्वजनों और स्नेहीजनों के साथ मतभेद खड़े होंगे, परिणामस्वरूप घर में विरोध का वातावरण उपस्थित होगा। आज के कार्य अधूरे रह सकते हैं। किसी कारणवश व्यय भी अधिक होगा।

***वृश्चिक :*** आज व्यापार अच्छा चलेगा। विवाद समाप्त होने से शांति एवं सुख बढ़ेगा। परोपकारी स्वभाव होने से दूसरों की मदद कर पाएंगे। कामकाज की जिज्ञासा बढ़ेगी। सुखवृद्धि एवं पारिवारिक उन्नति होगी। परिवार में क्लेश, मनमुटाव हो सकता है।


***धनु :*** आज आपको अच्छे समाचार मिल सकते हैं। आर्थिक लाभ की संभावनाएं हैं। आज आपका पारिवारिक वातावरण आनंद व उल्लास से लबालब भरा रहेगा। तन में चेतना एवं स्फूर्ति का संचार होगा।

***मकर :*** आज आलस्य को त्यागकर कार्यों को समय पर करने से सफलता प्राप्त हो सकती है। पारिवारिक जीवन सुखद रहेगा। सोच-समझकर व्यय करें। कार्य एवं व्यवसाय के क्षेत्र में बाधाओं से मन अशांत रहेगा।

***कुंभ :*** आज का दिन आपके लिए बहुत शुभ है। आपका आज का दिन आनंद व उल्लास से भरा हुआ होगा व शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य भी अच्छा होगा। आज के कार्य अधूरे रह सकते हैं। किसी कारणवश व्यय भी अधिक होगा। आज किए गए हर कार्य में सफलता मिलेगी।

***मीन :*** आज किसी धार्मिक स्थल पर जाने का सुनहरा अवसर है। रचनात्मक कार्य में मन लगेगा। शत्रु से सतर्क रहें। कर्मनिष्ठ होकर हाथ पर रखे काम को पूर्ण करने का प्रयास करेंगे। आपका व्यवहार आज न्यायानुकूल रहेगा।

## सिद्धार्थ और रश्मिका की फिल्म मिशन मजनू आएगी ओटीटी प्लेटफॉर्म पर



अब भले ही सिनेमाघरों में दर्शकों की भीड़ जमा हो रही हो। बावजूद इसके कई फिल्मों को ओटीटी पर रिलीज किया जा रहा है। सिद्धार्थ मल्होत्रा और रश्मिका मंदाना की फिल्म मिशन मजनू ने भी ओटीटी की राह पकड़ ली है। मतलब यह कि आप घर पर बैठे-बैठे इस फिल्म का आनंद ले पाएंगे। फिल्म की रिलीज डेट भी सामने आ गई है। आइए जानते हैं मिशन मजनू किस ओटीटी प्लेटफॉर्म पर और कब दर्शकों के बीच आएगी।

शेरशाह और थैंकगॉड के बाद सिद्धार्थ अब मिशन मजनू में दिखेंगे।

फिल्म से जुड़े एक सूत्र ने बताया, यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर अगले साल रिलीज होगी। निर्माताओं ने 18 जनवरी, 2023 को फिल्म दर्शकों के बीच लाने की योजना बनाई है। नेटफ्लिक्स जल्द ही फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा करने वाला है। दिसंबर, 2020 में इस फिल्म की घोषणा हुई थी। पिछले साल नवंबर में सिद्धार्थ ने फिल्म से अपनी पहली झलक दर्शकों को दिखाई थी।

बीते कुछ महीनों में बड़े सितारों की फिल्में धड़ाधड़ फ्लॉप होने के बाद तमाम निर्माताओं ने अपनी फिल्मों की ओटीटी रिलीज का रास्ता तलाशना शुरू कर दिया है। गोविंदा नाम मेरा से लेकर सेल्फी, फ्रेडी, टीकू वेड्स शेरू और खुफिया जैसी फिल्में ओटीटी पर आएंगी।

## विश्वक सेन की पैन इंडिया दस का धमकी फरवरी 2023 में रिलीज होगी



टॉलीवुड स्टार विश्वक सेन, जिन्होंने अपनी 2019 की फिल्म फलकनुमा दास के साथ एक लेखक और निर्देशक के रूप में अपनी क्षमता साबित की, वह अपनी पैन-इंडिया फिल्म दस का धम्मकी का निर्देशन कर रहे हैं, जिसमें उन्होंने मुख्य भूमिका भी निभाई है। यह फिल्म फरवरी 2023 में तेलुगु, तमिल, मलयालम और हिंदी भाषाओं में रिलीज होगी।

फिल्म एक्शन थ्रिलर के शेड्स के साथ एक रोम-कॉम है। फिल्म का फस्ट लुक पोस्टर जो गुरुवार को जारी किया गया था, बिश्वक स्टाइलिश लेकिन रफ लुक में एक कान की बाली और एक घड़ी पहने हुए है। धमकी भरे अंदाज में अपनी भौंहों को ऊपर उठाना मानो किसी को धमकी (धमकी) दे रहे हो।

## सेहत के लिए बेहद फायदेमंद है पंचरत्न दाल

सब्जी बनाने का नहीं है दिल, तो ट्राय करें पंचरत्न दाल। जिसे रोटी या चावल किसी के भी साथ कर सकते हैं एंजॉय। ये दाल खाने में तो स्वादिष्ट होती है ही साथ ही सेहत के लिए भी बेहद फायदेमंद।



### सामग्री :

खड़ी उरद दाल- 2 बड़े चम्मच, खड़ी मसूर दाल- 1/4 कप, चना दाल- 2 बड़े चम्मच, मूंग दाल- 2 बड़े चम्मच, तुअर दाल- 2 बड़े चम्मच, अदरक का पेस्ट- 1 छोटा चम्मच, हल्दी और नमक- पसंद के अनुसार, तेल- 3-4 बड़े चम्मच, जीरा- 1 छोटा चम्मच, लौंग- 1-2, काली मिर्च- 3-4, दालचीनी- 1 इंच का टुकड़ा, खड़ी लाल मिर्च-1, प्याज़- 2 बारीक कटे, अदरक-लहसुन का पेस्ट- 1 बड़ा चम्मच, टमाटर- 2 बारीक कटे, कश्मीरी लाल मिर्च पाउडर- 1 बड़ा चम्मच, धनिया पाउडर- 1 बड़ा चम्मच, अमचूर पाउडर- 1 बड़ा चम्मच, किचन किंग मसाला- 1 बड़ा चम्मच, नमक-स्वादानुसार, हरा धनिया- 1/2 कप, घी- 1 बड़ा चम्मच, पानी- ज़रूरत के अनुसार, कोयला- 1 टुकड़ा।

### विधि :

- एक बर्तन में सभी दालों को धोकर दो घंटे के लिए भिगोकर रख दें। अब कुकर में मिली-जुली दाल, पानी, हल्दी, नमक और अदरक का पेस्ट डालकर 5-6 सीटी आने तक पका लें। पैन में तेल गर्म करके जीरा डालें, फिर लौंग, काली मिर्च, दालचीनी और खड़ी लाल मिर्च डालें।= इसके बाद इसमें अदरक-लहसुन का पेस्ट और प्याज डालकर सुनहरा होने तक भूनें। अब बारी है इसमें टमाटर डालने की। फिर धनिया पाउडर, लाल मिर्च पाउडर, अमचूर पाउडर और किचन किंग मसाला, नमक व हरा धनिया डालकर पकाएं। थोड़ा-सा पानी डालकर चलाएं फिर दाल डालकर एक से दो मिनट पकाएं। तैयार है पंचरत्न दाल, जिसे रोटी, पराठे व चावल के साथ परोसें।


## शब्द सामर्थ्य- 264

**बाएं से दाएं**

1. समाप्ति, खात्मा 3. रोगी, बीमार 5. गंभीरता, गहराई 6. बलपूर्वक, जबरदस्ती, व्यर्थ 9. लानत, तिरस्कार सूचक एक शब्द 10. लक्ष्मी, कमला 11. औषधालय 13. नाव खेने का लकड़ी का यंत्र 14. सतह, 'लेवल' 15. बिजली, तड़ित 17. चौकसी, सावधानी, बचाव 19. कहने वाला, वाचनकर्ता 20. सुंदर, अच्छा, बढ़िया 21. लगातार, तड़-तड़ करते हुए।

**ऊपर से नीचे**

1. शरीर का कोई भाग, शरीर 2. खोज-बीन, जांच-पड़ताल 3. वोट देने का हक 4. जो अत्यधिक शक्तिशाली व कठोर प्रकृति का हो, दृढ़, मजबूत 7. बरसात, पावस, बारिश 8. भरना, अटना, अंदर करना 12. घटना, हादसा, दुर्घटना 13. लिबाज़, पहनने का ढंग 16. नीला वस्त्र पहने वाला, नीला वस्त्र 17. ऐक्य, एक होने का भाव 18. दिल्ली स्थिति प्रसिद्ध जेल।




**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 263 का हल**



## सू-दोकू- 264

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.263 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |